01.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज पेश केन्द्रीय बजट में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, वस्त्र और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष जोर।

- आयकर दरों में कोई बदलाव नही– तीन नये अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोले जायेंगे।

- प्रधानमंत्री ने कहा केंद्रीय बजट मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को नई गति देगा।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा बजट सबका साथ सबका विकास पर केन्द्रित–विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया।

- जैसलमेर मैं चल रहे मरू महोत्सव का आज समापन–खुहडी के धोरों पर सांस्कृतिक संध्या को देखने बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पंहुचे।

000000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में वित्त वर्ष–2026–27 का बजट पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड नौवां बजट था। बजट 2026–27 विशेष रूप से क्षमता निर्माण और सुधारों पर ध्यान केन्द्रित करता है। वित्त मंत्री ने इसे युवा शक्ति संचालित बजट कहा। वित्त मंत्री ने छह सेक्टर में नई पहल का प्रस्ताव किया। वित्त मंत्री ने भारत को एक वैश्विक जैव–औषध विनिर्माण केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए अगले पांच वर्ष में दस हजार करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव किया। इससे जैविक घरेलू उत्पादन के लिए परिवेश तैयार होगा। वित्तमंत्री ने सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 शुरू करने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिकी घटक विनिर्माण योजना के लिए परिव्यय बढ़ाकर चालीस हजार करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है।

वित्त मंत्री ने कपड़ा सेक्टर के लिए एकीकृत कार्यक्रम का प्रस्ताव किया। इनमें रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर तथा मानव निर्मित फाइबर और आधुनिक फाइबर में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना, पूंजीगत सहायता से पारम्परिक क्लस्टर्स के आधुनिकीकरण का प्रस्ताव शामिल है।

वित्त मंत्री ने इनके अतिरिक्त मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने तथा खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प की मजबूती के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना के शुभारंभ का प्रस्ताव किया।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को विकास का महत्वपूर्ण इंजन बताते हुए वित्त मंत्री ने चैंपियंस के रूप में इन्हें विकसित करने के लिए तीन सूत्रीय उपायों का प्रस्ताव किया। इन उपायों में इक्विटी सहायता, नकदी सहायता और पेशेवर सहायता शामिल है।

वित्त मंत्री ने इन उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए दस हजार करोड़ रुपये की लघु, मध्यम उद्यम विकास निधि शुरू करने का प्रस्ताव किया।

000000

वित्त मंत्री ने कहा कि पांच लाख से अधिक आबादी वाले श्रेणी–दो और श्रेणी–तीन के शहरों में बुनियादी ढांचा विकास पर विशेष बल दिया जाएगा। बुनियादी ढांचा विकास और निर्माण चरण के दौरान जोखिमों के प्रति निजी डेवलपर्स का भरोसा बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री ने बुनियादी ढांचा जोखिम गारंटी निधि बनाने का प्रस्ताव किया।

पर्यटन को बढ़ावा देने तथा अंतिम छोर और दूर–दराज के क्षेत्रों को जोड़ने के लिए वित्त मंत्री ने समुद्रीय विमान के स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव किया। इसके लिए समुद्री विमान–वी जी एफ योजना शुरू की जाएगी।

पर्यावरण अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देने के लिए ग्रोथ कनेक्टर के रूप में सात उच्च गति के रेल कॉरीडोर विकसित करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन, राष्ट्रीय अनुसंधान कोष तथा अनुसंधान विकास और नवाचार निधि के माध्यम से नई प्रौद्योगिकी की सहायता के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इससे किसानों, महिलाओं, युवाओं और दिव्यांगजन के हित में विशेष अवसर उपलब्ध होंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि एक दशक से जारी सुधार प्रयासों से लगभग 25 करोड़ लोग विभिन्न स्तरों पर गरीबी से ऊपर उठे हैं।

वित्त मंत्री ने अगले दशक में खेल–कूद क्षेत्र में बदलाव के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का प्रस्ताव किया।

आयकर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बजट में संशोधित रिटर्न या विलंबित रिटर्न दाखिल करने का समय बढ़ाने का प्रस्ताव है। संशोधित रिटर्न दाखिल करने का समय कर वर्ष के बाद 31 मार्च तक कर दिया गया है। सरकार ने लाभांश और म्यूचुअल फंड आय पर ब्याज कटौती को हटाने की घोषणा की है। फ्यूचर्स पर एसटीटी शून्य दशमलव दो प्रतिशत से बढ़ाकर शून्य दशमलव पांच प्रतिशत किया गया।

000000

बजट भाषण के बाद संवाददाता सम्मेलन में वित्त मंत्री ने कहा कि इस बजट के माध्यम से भारत मुख्य रूप से संरचनात्मक सुधारों के साथ एक मजबूत और टिकाऊ आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आमजन की सुगमता पर इसमें विशेष ध्यान दिया गया है।

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को नई गति देने के लिए एक महत्वाकांक्षी मार्ग प्रशस्त करता है। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष का बजट भारत में परिवर्तनों को नवीन ऊर्जा और गति प्रदान करेगा। श्री मोदी ने कहा है कि ये बजट देश के हित में है और इससे देश के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए कई प्रावधान किए गए हैं।

000000

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बजट में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण सहित विनिर्माण क्षेत्र की ओर विशेष जोर दिया गया है।

000000

बजट को लेकर प्रदेश में भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केंद्रीय बजट को युवा, महिला, किसान, वंचित, गरीब और आम आदमी का बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट तेज आर्थिक विकास, लोगों की आशाओं–आकांक्षाओं पर खरा उतरने और सबका साथ सबका विकास के तीन कर्तव्यों को समर्पित है।

000000

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कह कि यह बजट देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

दूसरी ओर, विपक्षी कांग्रेस ने बजट को निराशाजनक बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान का बजट भाषण में कोई मेंशन न होना निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए कोई राहत का बड़ा ऐलान नहीं हुआ है। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए का कि बजट में सरकार का कोई विजन नहीं है और इसमें राजस्थान की उपेक्षा की गई है।

000000

व्यापार और उद्योग जगत से जुडे संगठनों ने बजट का स्वागत और सराहना की है। राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के कार्यकारी अध्यक्ष आत्माराम गुप्ता ने कहा कि बजट में निवेश को बढावा देने के लिए विशेष प्रयास किये गये है।

000000